# हिंदी

## कक्षा

## X

# प्रश्न-संग्रह

केरल सरकार

**शिक्षा विभाग**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, केरल द्वारा तैयार की गई

2016

*Prepared by:*
State Council of Educational
Research & Training (SCERT)
Poojappura, Thiruvananthapuram -12,
Kerala. E-mail:scertkerala@gmail.com

*Type setting by:*
SCERT Computer Lab.

©
Government of Kerala
Education Department
2016

# वक्तव्य

**प्रिय साथियो,**

पाठ्यपुस्तिका के आधार पर बनी प्रश्न-संग्रह आपके हाथों में है। इसमें नमूने के प्रश्न हैं। ये दसवीं के लिए निर्धारित अधिगम उपलब्धियों पर आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के साथ मूल्यांकन संकेत, निर्धारित अंक तथा अपेक्षित समय भी दिए हैं। साथ ही कार्यकालांत तथा वार्षिक मूल्यांकनों की रूप-रेखा, नमूने के प्रश्न-पत्र, मूल्यांकन संकेत आदि भी संलग्न हैं। आशा है आप इससे गुज़रें और गतिविधियों को यथासंभव कक्षा में चलाएँ ताकि बच्चे इससे लाभ उठा पाएँ।

शुभकामनाओं के साथ

**निदेशक**

**डॉ.जे.प्रसाद**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, केरल

तिरुवनंतपुरम।

# अनुक्रम


**भाग - एक**

**प्रश्न संग्रह**

| | पन्ना सं. |
|---|---|
| इकाई - 1 | 05 - 12 |
| इकाई - 2 | 13 - 17 |
| इकाई - 3 | 18 - 24 |
| इकाई - 4 | 25 - 29 |
| इकाई - 5 | 30 - 33 |
| अपठित गद्य एवं कविता | 34 - 37 |

**भाग - दो**

**नमूने का प्रश्न-पत्र**

| | |
|---|---|
| प्रश्न-पत्र की रूपरेखा | 38 - 40 |
| प्रश्न-पत्र (नमूना) | 41 - 43 |
| प्रश्नपरक विश्लेषण | 44 |
| मूल्यांकन सूचक | 45 - 47 |
| पहला कार्यकालांत प्रश्न-पत्र (नमूना) | 48 - 51 |
| मूल्यांकन सूचक | 52 - 54 |
| दूसरा कार्यकालांत प्रश्न-पत्र (नमूना) | 55 - 57 |
| मूल्यांकन सूचक | 58 - 59 |

# भाग - एक

# प्रश्न संग्रह

## 1

## इकाई

| | |
|---|---|
| बीरबहूटी | कहानी |
| हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था | टिप्पणी |
| टूटा पहिया | कविता |

# गतिविधि - 1

**अधिगम उपलब्धि : अपना अनुभव लिखकर प्रस्तुत करता है।**

**समय : 12 मिनट**

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

साहिल बेला का रिपोर्ट कार्ड देख रहा था और बेला साहिल का। आज आखिरी बारी वे एक दूसरे की कोई चीज़ को छूकर देख रहे थे।

"तुम्हारी आँख में आँसू क्यों आ रहे हैं बेला?"

"मुझे क्या पता।" बेला ने डबडबाई आँखों से हँसते हुए कहा।

साहिल की आँखें बीरबहूटी की तरह लाल होने लगी थीं और उनमें बारिश की बूँदों-सा पानी भर गया था।

**1. कहानी के अंश के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (1)**

क) साहिल और बेला बहुत खुश थे।
ख) साहिल और बेला रो रहे थे।
ग) साहिल और बेला को कोई दुख नहीं था।
घ) साहिल और बेला बिछुड़ना चाहते थे।

**2. 'मुझे' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)**

(तुम; वे; मैं)

**3. बेला से बिछुड़ने के कारण साहिल बहुत दुखी है। साहिल अपने विचारों को डायरी में लिखता है। साहिल की उस दिन की डायरी लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. साहिल और बेला रो रहे थे।
2. मैं।
3. तारीख के साथ आत्मनिष्ठ भाषा में उत्तमपुरुष नज़रिए से विचारों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। (4)
   उपज में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं। (3)
   उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)
   डायरी लिखने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 2

**अधिगम उपलब्धि : अपना अनुभव लिखकर प्रस्तुत करता है।**

**समय : 12 मिनट**

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई।

**1. कहानी के अंश के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (1)**

क) बेला बहुत खुश थी।
ख) बेला साहिल से नाराज़ थी।
ग) बेला लज्जित थी।
घ) बेला को माटसाब का व्यवहार अच्छा लगा।

**2. 'उससे' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)**

(तुम; वह; मैं)

**3. माटसाब के बुरे व्यवहार से बेला बहुत दुखी है। बेला अपने विचारों को डायरी में लिखती है। बेला की उस दिन की डायरी लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. बेला लज्जित थी। (1)
2. वह। (1)
3. तारीख के साथ आत्मनिष्ठ भाषा में उत्तमपुरुष नज़रिए से विचारों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। (4)

   उपज में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्‌यमान हैं। (3)
   उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)
   डायरी लिखने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 3

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कहानी पढ़ता है और आशय प्रस्तुत करता है।**
- **कहानी के आधार पर पटकथा लिखता है।**

**समय : 20 मिनट**

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

वे एक दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे।

"बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा।

"तुमने कुछ सुना बेला?"

"हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।'

"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

**1. कहानी के मुख्य पात्र कौन-कौन हैं? (1)**

**2. बच्चे बीरबहूटियों को कब और कहाँ ढूँढ़ते हैं? (2)**

**3. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. साहिल और बेला। (1)
2. आशय समझकर कब और कहाँ प्रश्नों का उत्तर लिखा है। (2)
   उत्तर आंशिक रूप से सही है। (1)
3. अंश के आधार पर स्थान, समय, परिवेश, पात्रों की आयु, चाल-चलन, हाव-भाव आदि का संकेत देते हुए उचित संवाद के साथ पटकथा लिखी है। (4)
   उपज में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्‌यमान हैं। (3)
   उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)
   पटकथा लिखने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 4

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कहानी पढ़ता है और आशय प्रस्तुत करता है।**
- **कहानी के आधार पर वार्तालाप लिखता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी, क्योंकि वह जानती थी कि वह साहिल की नज़र में बहुत अच्छी है। जब वह उसके पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई।

**1. बेला खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी। क्यों? (1)**

क) माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया।
ख) साहिल के सामने माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया।
ग) बालों में पंजा फँसाने से दर्द हुआ।

**2. बेला साहिल से नज़र नहीं मिला पाई। क्यों? (2)**

**3. मान लें, उस दिन घर लौटते वक्त साहिल ने बेला को सांत्वना दी। उस प्रसंग पर दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. साहिल के सामने माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया। (1)
2. प्रसंग का विश्लेषण कर तर्कसंगत कारण लिखे हैं। (2)
   उत्तर आंशिक रूप से सही है। (1)
3. वाक्य और वाक्यांशों का प्रयोग करके अनौपचारिक शैली में प्रसंगानुकूल वार्तालाप लिखा है। (4)
   वार्तालाप के उपर्युक्त संकेत एक हद तक उपज में प्रतिबिंबित है। (3)
   उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)
   वार्तालाप लिखने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 5

**अधिगम उपलब्धि :**

- **किसी सामाजिक मुद्दे पर टिप्पणी लिखता है।**

**समय : 10 मिनट**

**सूचना : निम्नांकित पोस्टर पढ़कर अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

**13 अगस्त**
**अवयवदान दिवस**

***"अवयवदाता बनें, जिंदगी दें"***

एक आदमी दस लोगों को जीवन दे सकता है।

**1. किसी को जानने के लिए क्या करना चाहिए? (1)**

**2. 'अवयवदान का महत्व' विषय पर एक टिप्पणी लिखें। (3)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. पोस्टर का विश्लेषण करके सही उत्तर लिखा है। (1)
2. अवयवदान पर बने पोस्टर के संकेतों का विश्लेषण करके अपनी भाषा में टिप्पणी लिखी है। (3)
   अवयवदान पर बने पोस्टर के संकेतों का विश्लेषण करके टिप्पणी लिखी है। (2)
   टिप्पणी लिखने की कोशिश की है। (1)

# गतिविधि - 6

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कविता पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **कविता पर टिप्पणी लिखता है।**

**समय : 12 मिनट**

**सूचना : 'टूटा पहिया' कविता का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले!

**1. यहाँ 'टूटा पहिया' किसका प्रतीक हो सकता है?**

(महामानव; विश्वमानव; लघुमानव) **(1)**

**2. 'सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले!' –से आपने क्या समझा? (2)**

**3. इन पंक्तियों की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें। (3)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. लघु मानव। (1)
2. पंक्ति का विश्लेषण कर अपनी राय लिखी है। (2)
   उत्तर आंशिक रूप से सही है। (1)
3. कविता के प्रयोगों का विश्लेषण करके प्रासंगिकता का जिक्र करते हुए उत्तर लिखा है। (3)
   पंक्तियों का विश्लेषण तथा प्रासंगिकता का जिक्र आंशिक है। (2)
   उत्तर लिखने की कोशिश की है। (1)

# गतिविधि - 7

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कविता पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **कविता पर टिप्पणी लिखता है।**

**समय : 12 मिनट**

**सूचना : 'टूटा पहिया' कविता का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी
बड़े-बड़े महारथी
अकेली निहत्थी आवाज़ को
अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें
तब मैं
रथ का टूटा हुआ पहिया
उसके हाथों में
ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!

**1. 'सकता हूँ' क्रिया का संबंध किससे है?**

(रथ; ब्रह्मास्त्र; मैं) **(1)**

**2. 'सामना करना' के अर्थ में कवितांश में प्रयुक्त मुहावरा कौन-सा है? (1)**

**3. कवि ने पौराणिक प्रसंग द्वारा वर्तमान समय की चर्चा की है। इसपर अपना मत लिखें।(3)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. मैं। (1)
2. लोहा लेना। (1)
3. कविता के प्रयोगों का विश्लेषण करके प्रासंगिकता का जिक्र करते हुए अपना मत लिखा है।(3)
   पंक्तियों का विश्लेषण प्रासंगिकता तथा मत आंशिक रूप से सही है। (2)
   उत्तर लिखने की कोशिश की है। (1)

2

# इकाई

| | |
|---|---|
| ऊँट बनाम रेल गाड़ी | संस्मरण |
| सबसे बड़ा शो मैन | जीवनी |

# गतिविधि - 1

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **संस्मरण पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **संस्मरण का प्रसंग समझकर वार्तालाप प्रस्तुत करता है।**
- **भविष्यत्काल के वाक्यों की विशेषता पहचानता है और सही प्रयोग करता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'ऊँट बनाम रेलगाड़ी' संस्मरण का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

रेलगाड़ी के रुकते ही हमने ड्राइवर को सारा मामला समझा दिया। उसे एक चौथाई मील पीछे लौटना होगा और वहाँ से रेलगाड़ी फिर हमारी तरफ़ आएगी। हम समय के अंदाज़ से सवारी सहित ऊँटों के दल को रवाना कर देंगे।

**1. 'रेलगाड़ी' के स्थान पर 'ऊँटों का काफ़िला' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)**

रेलगाड़ी फिर हमारी तरफ़ आएगी।

**2. 'हम ऊँटों के दल को रवाना कर देंगे' –वाक्य में 'कर देंगे' क्रियारूप का सीधा संबंध किस शब्द से है? (1)**

(दल; ऊँट; हम)

**3. सत्यजीत राय शूटिंग के संबंध में ड्राइवर को समझा रहे हैं। इस प्रसंग पर ड्राइवर और सत्यजीत राय के बीच का वार्तालाप लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. ऊँटों का काफिला फिर हमारी तरफ़ आएगा। (1)
2. हम (1)
3. वाक्य और वाक्यांशों का प्रयोग करके अनौपचारिक शैली में प्रसंगानुकूल वार्तालाप लिखा है।(4)
   वार्तालाप के उपर्युक्त संकेत एक हद तक उपज में प्रतिबिंबित है। (3)
   उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)
   वार्तालाप लिखने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 2

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **जीवनी का अंश पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **अनुभवों को डायरी के रूप में लिखता है।**
- **'लग' सहायक क्रिया का प्रयोग समझता है और ऐसे वाक्यों को चुनकर लिखता है।**

**समय : 20 मिनट**

**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

गाना अभी आधा ही हुआ था कि स्टेज पर पैसों की बौछार शुरू हो गई। चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा। इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया। तब तक मैनेजर एक रूमाल लेकर आया और पैसे बटोरने लगा।

1. '**मैनेजर**' के स्थान पर '**माँ**' का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें। (1)

मैनेजर एक रूमाल लेकर आया।

**2. मान लें, चार्ली की माँ इस दिन डायरी लिख रही है। उसने डायरी में क्या-क्या लिखा होगा? कल्पना करके लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. माँ एक रूमाल लेकर आई। (1)
2. तारीख के साथ आत्मनिष्ठ भाषा में उत्तमपुरुष नज़रिए से विचारों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। (4)

उपज में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं। (3)

उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)

डायरी लिखने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 3

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **जीवनी का अंश पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **अनुभवों को डायरी के रूप में लिखता है।**
- **'लग' सहायक क्रिया का प्रयोग समझता है और ऐसे वाक्यों को चुनकर लिखता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी। उसके बाद उसने दर्शकों से बातचीत की, नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी।

1. '**उसके**' में निहित सर्वनाम कौन-सा है?

   (वह; हम; वे) **(1)**

2. '**अनुकरण करना**' के अर्थ में प्रयुक्त प्रयोग चुनकर लिखें। **(1)**

   (नकल उतारना, फैला देना, बातचीत करना)

3. **मान लें, इस दिन चार्ली की माँ अपने विचारों को डायरी में लिखती है। उनकी डायरी कल्पना करके लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. वह। (1)
2. नकल उतारना। (1)
3. तारीख के साथ आत्मनिष्ठ भाषा में उत्तमपुरुष नज़रिए से विचारों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। (4)

   उपज में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं। (3)

   उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)

   डायरी लिखने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 4

**अधिगम उपलब्धि :**

- **जीवनी का अंश पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**

**समय : 5 मिनट**

**सूचना : संबंध पहचानें और सही मिलान करें।** **(3)**

| | |
|---|---|
| चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की | और माँ आख़िरी बार। |
| मैनेजर एक रूमाल लेकर आया | पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा। |
| चार्ली स्टेज पर पहली बार आया | और पैसे बटोरने लगा। |

**मूल्यांकन संकेत**

| | | |
|---|---|---|
| चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की | पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा। | (1) |
| मैनेजर एक रूमाल लेकर आया | और पैसे बटोरने लगा। | (1) |
| चार्ली स्टेज पर पहली बार आया | और माँ आख़िरी बार। | (1) |

3

# इकाई

| | |
|---|---|
| अकाल और उसके बाद | कविता |
| ठाकुर का कुआँ | कहानी |

# गतिविधि - 1

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कविता पढ़ता है और आशय प्रस्तुत करता है।**
- **कविता का विश्लेषण करता है और टिप्पणी लिखता है।**

**समय : 20 मिनट**

**सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद।
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठीं घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद

**1. पंक्तियों में किसका वर्णन है? (1)**

(अकाल की स्थिति का; अकाल के पूर्व की स्थिति का; अकाल के बाद की स्थिति का)

**2. 'चमक उठीं घर भर की आँखें'–का मतलब क्या है? (1)**

**3. कवि ने अकाल के बाद का चित्रण कैसे किया है? टिप्पणी लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. अकाल के बाद की स्थिति का। (1)
2. पंक्ति का विश्लेषण करके मतलब अपने शब्दों में लिखा है। (1)
3. कवि और कविता का परिचय देते हुए, पंक्तियों का विश्लेषण करके अपनी भाषा में टिप्पणी लिखी है। (4)

   टिप्पणी की उपर्युक्त विशेषताएँ एक हद तक उपज में विद्यमान हैं। (3)

   पंक्तियों के सीधे अर्थ को टिप्पणी के रूप में लिखा है। (2)

   टिप्पणी लिखने की कोशिश की है। (1)

# गतिविधि - 2

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **कहानी के आधार पर पटकथा लिखता है।**
- **भविष्यत काल के वाक्यों की विशेषता पहचानता है और लिखता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बोली- "यह पानी कैसे पिओगे? न जाने कौन जानवर मरा है। कुएँ से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।"
जोखू ने आश्चर्य से उसकी ओर देखा- "पानी कहाँ से लाएगी?"
"ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं। क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे?"
"हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।"

1. '**गंगी**' के बदले '**जोखू**' का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें। (1)

गंगी पानी लाएगी।

**2. "हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।" इस कथन पर आपका विचार क्या है? (2)**

**3. कहानी के अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. कर्ता के लिंग और वचन के अनुसार क्रिया को बदलकर लिखा है। (1)
2. जोखू के कथन का विश्लेषण करके विचार प्रस्तुत किया है। (2)
   विश्लेषण और विचार आंशिक रूप से सही है। (1)
3. अंश के आधार पर स्थान, समय, पिवेश, पात्रों की आयु, चाल-चलन, हाव-भाव आदि का संकेत देते हुए उचित संवाद के साथ पटकथा लिखी है। (4)
   उपज में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं। (3)
   उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)
   पटकथा लिखने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 3

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **कहानी के आधार पर वार्तालाप लिखता है।**
- **सर्वनाम और प्रत्ययों का योग समझता है और प्रत्यययुक्त सर्वनाम पहचानकर लिखता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई। रस्सी के साथ घड़ा धड़ाम से पानी में गिरा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे की आवाज़ें सुनाई देती रहीं। ठाकुर 'कौन है, कौन है?' पुकारते हुए कुएँ की तरफ़ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी। घर पहुँचकर देखा कि जोखू लोटा मुँह से लगाए वही मैला-गंदा पानी पी रहा है।

**1. मान लें, भागी आई गंगी ने देखा कि जोखू लोटे का गंदा पानी पी रहा है। इस प्रसंग पर दोनों के बीच का संभावित वार्तालाप लिखें। (4)**

**2. 'गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी।' –इसमें 'भागी जा रही थी' क्रिया का सीधा संबंध वाक्य के किस शब्द से है? (1)**

(जगत; गंगी; कूदकर)

**3. 'गिरा' क्रिया के स्थान पर कोष्ठक के किस रूप रखकर सही वाक्य बना सकता है?(1)**

घड़ा धड़ाम से पानी में गिरा।

(गिरेंगे; गिरेगा; गिरेंगी)

**मूल्यांकन संकेत**

1. वाक्य और वाक्यांशों का प्रयोग करके अनौपचारिक शैली में प्रसंगानुकूल वार्तालाप लिखा है। (4)
   वार्तालाप के उपर्युक्त संकेत एक हद तक उपज में प्रतिबिंबित है। (3)
   उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)
   वार्तालाप लिखने का प्रयास किया है। (1)
2. गंगी। (1)
3. कर्ता और क्रिया का संबंध पहचानकर वाक्य सही रूप से लिखा है। (1)

# गतिविधि - 4

**अधिगम उपलब्धि :**

- **कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**

**समय : 10 मिनट**

**1. संबंध पहचानें, सही मिलान करें।** **(4)**

| | |
|---|---|
| उसने गला मज़बूत किया | कि हम ऊँचे हैं, हम ऊँचे। |
| गली-गली चिल्लाते नहीं | तो उसमें बू बिलकुल न थी। |
| किसीके लिए रोक नहीं | और घड़ा कुएँ में डाल दिया। |
| कल वह पानी लाई | सिर्फ यह बदनसीब नहीं भर सकते। |

**मूल्यांकन संकेत**

| | |
|---|---|
| उसने गला मज़बूत किया | और घड़ा कुएँ में डाल दिया। |
| गली-गली चिल्लाते नहीं | कि हम ऊँचे हैं, हम ऊँचे। |
| किसीके लिए रोक नहीं | सिर्फ यह बदनसीब नहीं भर सकते। |
| कल वह पानी लाई | तो उसमें बू बिलकुल न थी। |

# गतिविधि - 5

**अधिगम उपलब्धि :**

- **कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**

**समय : 10 मिनट**

**1. संबंध पहचानें, सही मिलान करें।** **(4)**

| | |
|---|---|
| स्त्री | "यह पानी कैसे पिओगे?" |
| गंगी | "कौन है, कौन है?" |
| ठाकुर | "पानी कहाँ से लाएगी?" |
| जोखू | "मत लजाओ दीदी।" |

**मूल्यांकन संकेत**

| | | |
|---|---|---|
| स्त्री | "मत लजाओ दीदी।" | (1) |
| गंगी | "यह पानी कैसे पिओगे?" | (1) |
| ठाकुर | "कौन है, कौन है?" | (1) |
| जोखू | "पानी कहाँ से लाएगी?" | (1) |

# गतिविधि - 6

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **चरित्रगत विशेषताएँ लिखता है।**
- **सर्वनाम और प्रत्ययों का योग समझता है और प्रत्यययुक्त सर्वनाम पहचानकर लिखता है।**

**समय : 20 मिनट**

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

गंगी का विद्रोही दिल रिवाज़ी पाबंदियों और मज़बूरियों पर चोटें करने लगा- हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं? ..... चोरी ये करें, जाल फरेब ये करें, झूठे मुकदमे ये करें... कभी गाँव में आ जाती हूँ, तो रस-भरी आँख से देखने लगते हैं। जैसे सबकी छाती पर साँप लोटने लगता है, परंतु घमंड यह है कि हम ऊँचे हैं।

**1. 'हम क्यों नीच हैं और ये लोग क्यों ऊँच हैं?' –यहाँ किस समाजिक समस्या की ओर संकेत है? (1)**

(बेकारी, भ्रष्टाचार, जाति-प्रथा)

**2. ऊँच-नीच के भेद-भाव पर आपका विचार क्या है? लिखें। (2)**

**3. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी के आधार पर गंगी की चरित्रगत विशेषताएँ लिखें। (3)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. जाति-प्रथा।
2. प्रसंग का विश्लेषण करके ऊँच-नीच के भेद-भाव पर अपना विचार लिखा है। (2)
   विचार लिखने की कोशिश की है। (1)
3. कहानी के आधार पर जाति-प्रथा के विरुद्ध गंगी के व्यवहारों का उल्लेख करके चरित्रगत विशेषताएँ लिखी हैं। (3)
   आंशिक रूप से विशेषताएँ लिखी हैं। (2)
   लिखने की कोशिश की है। (1)

4

# इकाई

| | |
|---|---|
| बसंत मेरे गाँव का | लेख |
| जैसलमेर | यात्रावृत्त |

# गतिविधि - 1

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **लेख पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **रपट तैयार करता है।**
- **सर्वनाम और प्रत्ययों का योग समझता है और प्रत्यययुक्त सर्वनाम पहचानकर लिखता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

वे जानवरों के साथ-साथ कीड़ाजड़ी, करण और च्यूर जैसी दुर्लभ हिमालयी जड़ी व औषधियाँ भी बेचते हैं। इन गाँवों से इनका सदियों का रिश्ता है, इसलिए उसी वक्त पूरी कीमत चुकाना ज़रूरी नहीं होता। बर्फीले मौसम में निचले इलाकों की ओर जाते वक्त पुरानी वसूली की जाती है। मज़े की बात है कि नकद-उधार के आंकड़े कहीं दर्ज नहीं होते।

**1. पशुचारक अपनी पुरानी वसूली कब की जाती है? (1)**

**2. 'इनका' –में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)**

(वह; ये; वे)

**3. 'नकद-उधार के आँकड़े कहीं दर्ज नहीं होते' आपसी विश्वास के आधार पर सदियों से चले आ रहे इस सिलसिले पर एक रपट तैयार करें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. खंड का आशय समझकर सही उत्तर लिखा है। (1)
2. सर्वनाम और प्रत्यय के संयुक्त रूप का विश्लेषण करके सही सर्वनाम लिखा है। (1)
3. उचित शीर्षक के साथ रपट की शैली में वस्तुनिष्ठ रूप से अपना दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए रपट तैयार की है। (4)
   उपर्युक्त सूचकों का आंशिक पालन करते हुए रपट लिखी है। (3)
   उपज में उपर्युक्त दो-एक सूचक विद्यमान है। (2)
   रपट तैयार करने की कोशिश की है। (1)

# गतिविधि - 2

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **लेख पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **भविष्यत्काल के वाक्यों की विशेषता पहचानकर प्रयोग करता है।**

**समय : 10 मिनट**

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सूरज जब चौखंभा पर्वत के पीछे से उदय होने लगता है तब जेठ शुरू हो जाता है। पहाड़ की सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। अपने घर की छत से जब मैं बद्रीनाथ यात्रा-मार्ग की भीड़ देखता हूँ तो भूल जाता हूँ कि महज दो महीने पहले यह घाटी एकदम शांत थी।

**1. संबंध पहचानें और सही मिलान करें।** **(4)**

| | |
|---|---|
| दो महीने पहले | जेठ शुरू हो जाता है। |
| घर की छत से | गाड़ियों से भर जाती है। |
| पहाड़ियों की सड़कें | घाटी एकदम शांत थी। |
| चौखंभा पर्वत के पीछे से सूर्योदय होने लगता है। | मैं भीड़ देखता हूँ। |

**2. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें।** **(1)**

जेठ शुरू हो जाता है। जेठ शुरू हो जाएगा।

सड़कें गाड़ियों से भर जाती हैं। ..........................................।

**मूल्यांकन संकेत**

1.

| | | |
|---|---|---|
| दो महीने पहले | घाटी एकदम शांत थी। | (1) |
| घर की छत से | मैं भीड़ देखता हूँ। | (1) |
| पहाड़ियों की सड़कें | गाड़ियों से भर जाती हैं। | (1) |
| चौखंभा पर्वत के पीछे सेसूर्योदय होने लगता है। | जेठ शुरू हो जाता है। | (1) |

2. सड़कें गाड़ियों से भर जाएँगी। (1)

# गतिविधि - 3

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **यात्रावृत्त की विशेषताएँ समझता है और आशय प्रस्तुत करता है।**
- **पोस्टर तैयार करता है।**
- **सर्वनाम और प्रत्ययों का योग समझता है और प्रत्यययुक्त सर्वनाम पहचानकर लिखता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

एक दुकान के बाहर मैंने लिखा देखा, 'थैंक यू लोनली प्लैनेट फॉर मेकिंग अस अनइम्प्लॉइड' (हमें बेरोज़गार बनाने के लिए लोनली प्लैनेट तेरा शुक्रिया)। पता चला कि दुनिया भर में चर्चित पर्यटक गाइड लोनली प्लैनेट में किसीने इस जगह के बारे में कुछ खराब लिख दिया है। इसलिए विदेशी पर्यटकों का यहाँ आना कम हो गया है। भई वाह, जैसलमेर के व्यवसायियों का गुस्सा दिखाने के इस अंदाज़ की क्या बात है!

**1. 'किसीने' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)**

(कौन; कोई; वे)

**2. व्यवसायियों ने अपना गुस्सा सकारात्मक ढंग से दिखाया है। इसका क्या लाभ है? (1)**

**3. अपने गाँव को स्वच्छ बनाने के कई कार्यक्रम चल रहे हैं। इसके लिए सकारात्मक संदेश जोड़ते हुए पोस्टर बनाएँ। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. सर्वनाम और प्रत्यय का योग समझकर उत्तर लिखा है (कोई)। (1)
2. प्रसंग विश्लेषण करके अपना मत प्रकट किय है। (1)
3. गाँव को स्वच्छ रखने की सूचना देते हुए, सकारात्मक संदेश वाक्य जोड़कर उचित रूप-संविधान के साथ आकर्षक रूप से पोस्टर तैयार किया है। (4)
   पोस्टर की उपर्युक्त विशेषताएँ एक हद तक विद्यमान हैं। (3)
   ऊपर की विशेषताएँ आंशिक रूप से हैं। (2)
   पोस्टर तैयार करने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 4

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **यात्रावृत्त की विशेषताएँ समझता है और आशय प्रस्तुत करता है।**
- **टिप्पणी तैयार करता है।**
- **संबंध कारक परसर्गों को पहचानता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सुबह जोधपुर तक तो सब ठीक था। उसके बाद जैसे-जैसे रेल का आगे का सफर शुरू हुआ एक एक करके हमारे गरम कपड़े उतरने लगे। मुझे बचपन में देखी सत्यजीत राय की फिल्म गूपी गाईन, बाघा बाईन याद आ गई। इस फिल्म में भी अचानक ठंडे देश से गरम प्रदेश में पहुँच जाने पर गूपी और बाघा ऐसे ही अपने गरम कपड़े उतारते हैं।

**1. 'किसीने' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)**

(कौन; कोई; वे)

**2. व्यवसायियों ने अपना गुस्सा सकारात्मक ढंग से दिखाया है। इसका क्या लाभ है? (1)**

**3. अपने गाँव को स्वच्छ बनाने के कई कार्यक्रम चल रहे हैं। इसके लिए सकारात्मक संदेश जोड़ते हुए पोस्टर बनाएँ। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. सर्वनाम और प्रत्यय का योग समझकर उत्तर लिखा है (कोई)। (1)
2. प्रसंग विश्लेषण करके अपना मत प्रकट किय है। (1)
3. गाँव को स्वच्छ रखने की सूचना देते हुए, सकारात्मक संदेश वाक्य जोड़कर उचित रूप-संविधान के साथ आकर्षक रूप से पोस्टर तैयार किया है। (4)

   पोस्टर की उपर्युक्त विशेषताएँ एक हद तक विद्यमान हैं। (3)

   ऊपर की विशेषताएँ आंशिक रूप से हैं। (2)

   पोस्टर तैयार करने का प्रयास किया है। (1)

5

# इकाई

| | |
|---|---|
| बच्चे काम पर जा रहे हैं | कविता |
| गुठली तो पराई है | कहानी |

# गतिविधि - 1

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कविता पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **पोस्टर तैयार करता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग-बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे
खिलौने
क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
सारे मदरसों की इमारतें।

**1. 'क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें' -इस पंक्ति में 'गिर गई हैं' क्रिया रूप किस शब्द के आधार पर है? (1)**

(अंतरिक्ष; क्या; गेंदें)

**2. 'क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे खिलौने' –का मतलब क्या है? (1)**

खिलौने पहाड़ के नीचे हैं।

पहाड़ और खिलौने काले हैं।

बच्चे खेलने के अवसर से वंचित हैं। (4)

**3. बालश्रम दुनिया भर में व्याप्त एक दुस्थिति है। बाल मज़ूरी के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें।**

**मूल्यांकन संकेत**

1. कर्ता क्रिया की अन्विति समझकर सही चयन किया है। (1)
2. सही प्रस्ताव चुनकर लिखा है। (बच्चे खेलने के अवसर से वंचित हैं।) (1)
3. बाल मजूरी रोकने की आवश्यकता बताते हुए, संदेश वाक्य जोड़कर उचित रूप-संविधान के साथ आकर्षक रूप से पोस्टर तैयार किया है। (4)
   पोस्टर की उपर्युक्त विशेषताएँ एक हद तक विद्यमान हैं। (3)
   ऊपर की विशेषताएँ आंशिक रूप से हैं। (2)
   पोस्टर तैयार करने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 2

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **किसी सामाजिक मुद्दे पर अपनी राय प्रकट करता है।**
- **पत्र लिखता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

जैसे-तैसे पूजा-पाठ के बाद कार्ड हाथ में आया तो गुठली का मुँह उतर गया। वह ताऊजी के पास जाकर बोली, "देखिए भइया मेरा नाम कार्ड में छपवाना भूल गया?" ताऊजी बोले, "भूला नहीं है रे... अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते।" गुठली, "पर ताऊजी उसमें भइया के छोटे-से बेटे का भी नाम है जो अभी बोल भी नहीं सकता तो मेरा...।"

**1. यहाँ 'मुँह उतर गया' -का मतलब क्या है? (1)**

(उदास हो गई; खुश हो गई; नाराज़ हुई)

**2. 'अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते' –ताऊजी के इस कथन पर आपकी राय क्या है? (2)**

**3. गुठली दुखी हुई थी। वह अपने मन की बातों को पत्र के ज़रिए सहेली से बताना चाहती है। सहेली के नाम गुठली का पत्र कल्पना करके लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. प्रयोग का सही अर्थ समझकर चयन किया है। (उदास हो गई) (1)
2. कथन का विश्लेषण करके निहित सामाजिक समस्या पर अपना विचार पेश किया है। (2)

   अपनी राय बताने की कोशिश की है, जो आंशिक रूप से सही है। (1)
3. पत्र की रूप-रेखा का पालन करते हुए, उचित संबोधन और स्वनिर्देश के साथ गुठली के अनुभवों तथा विचारों को पत्रानुकूल शैली में प्रस्तुत किया है (4)

   उपज में उपर्युक्त सूचक एक हद तक प्रतिबिंबित हैं। (3)

   उपज में उपर्युक्त बातें आंशिक रूप में हैं। (2)

   पत्र लिखने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 3

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **किसी सामाजिक मुद्दे पर अपनी राय प्रकट करता है।**
- **कहानी के आधार पर पटकथा लिखता है।**
- **भविष्यतकाल के वाक्यों की विशेषता पहचानकर प्रयोग करता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : 'गुठली तो पराई है' कहानी का अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"ऐसा मत करो", "ऐसे पट-पट मत बोलो", "ऐसे धम-धम मत चलो..." एक दिन गलती से उसने पूछ ही लिया, "क्यों?" तो बस शुरू हो गई, "अरे छोरी, लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे। कहेंगे कुछ सिखाया ही नहीं। ऐसे ही करेगी क्या अपने घर जाकर? गुठली बोली, "अपना घर? यही तो है मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई।"

**1. 'लोग नाम तो तेरी माँ को ही रखेंगे।' -यहाँ 'रखेंगे' क्रिया का रूपायन किस शब्द के आधार पर है? (1)**

(नाम; लोग; माँ)

**2. कहानी में किसका संकेत है? (1)**

वर्तमान समाज में स्त्री-पुरुष में समता है।
वर्तमान समाज में स्त्री-पुरुष समता का अभाव है।
वर्तमान समाज स्त्रियों को पुरुषों के समान ही देखता है।

**3. कहानी के उपर्युक्त अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. भविष्यतकाल के वाक्य की विशेषता समझकर चयन किया है। (लोग) (1)
2. कहानी का विश्लेषण करके सही चयन किया है। (वर्तमान समाज में स्त्री-पुरुष समता का अभाव है। (1)
3. अंश के आधार पर स्थान, समय, परिवेश, पात्रों की आयु, चाल-चलन, हाव-भाव आदि का संकेत देते हुए उचित संवाद के साथ पटकथा लिखी है। (4)
   उपज में उपर्युक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं। (3)
   उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से उपज में हैं। (2)
   पटकथा लिखने का प्रयास किया है। (1)

# अपठित गद्य एवं कविता

# गतिविधि - 1

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **लेख पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **किसी सामाजिक मुद्दे पर अपनी राय प्रकट करता है।**
- **भविष्यतकाल के वाक्यों की विशेषता पहचानकर प्रयोग करता है।**
- **पोस्टर तैयार करता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : लेख का अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इज़रायल में आज महिलाओं ने सिद्ध कर दिया है कि वह किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। इज़रायल में देश की सुरक्षा में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में किसी प्रकार कम नहीं है। वही स्थिति धीरे-धीरे भारत में भी बन रही है। अब पुत्री का जन्म परिवार में निराशा नहीं, बल्कि नई आशाओं का संचार करेगा। यह भी संभव है कि भूतकाल में विभिन्न समाजों पर पुरुषों का वर्चस्व रहा है तो भविष्य में नारियों का रहेगा।

**1. इज़रायल में महिलाएँ किस क्षेत्र में पुरुषों से बराबरी रखती है? (1)**

**2. 'भविष्य में नारियों का वर्चस्व रहेगा' –वाक्य में 'रहेगा' क्रियारूप का सीधा संबंध किससे है? (1)**

(भविष्य; नारी; वर्चस्व)

**3. 'महिला सशक्तीकरण' का संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें। (4)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. खंड का आशय समझकर उत्तर लिखा है। (1)
2. भविष्यतकाल के वाक्य की विशेषता समझकर चयन किया है। (वर्चस्व) (1)
3. महिला सशक्तीकरण पर ज़ोर देते हुए, संदेश वाक्य जोड़कर
   उचित रूप-संविधान के साथ आकर्षक रूप से पोस्टर तैयार किया है। (4)
   पोस्टर की उपर्युक्त विशेषताएँ एक हद तक विद्यमान हैं। (3)
   ऊपर की विशेषताएँ आंशिक रूप से हैं। (2)
   पोस्टर तैयार करने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 2

**अधिगम उपलब्धियाँ :**

- **लेख पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**
- **किसी सामाजिक मुद्दे पर अपनी राय प्रकट करता है।**
- **संबंधकारक को पहचानकर प्रयोग करता है।**
- **लेख तैयार करता है।**

**समय : 15 मिनट**

**सूचना : लेख का अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

वृक्षों से सबसे बड़ा लाभ यह है कि वे वर्षा कराने में सहायक सिद्ध होते हैं। मानसूनी हवाओं को रोककर वर्षा के लिए माहौल बनाना वृक्षों का ही काम है। वृक्षों के अभाव में वर्षा का अभाव हो जाना स्वाभाविक है। वर्षा के अभाव में अधिक अन्नोत्पादन संभव नहीं। वृक्ष देश को मरुस्थल होने से बचाते हैं।

1. '**अभाव**' के बदले '**कमी**' शब्द का प्रयोग करके वाक्य को बदलकर लिखें। (1)

वर्षा का **अभाव** अन्नोत्पादन घटने का कारण बनता है।

**2. वृक्षों से सबसे बड़ा लाभ क्या है? (1)**

**3. 'वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संतुलन' विषय पर लघु लेख लिखें। (4)**

## मूल्यांकन संकेत

1. संबंधकारक का सही प्रयोग किया है। (1)
2. खंड समझकर वृक्षों के लाभ का जिक्र किया है। (1)
3. भूमिका, विश्लेषण, उपसंहार के साथ विषय का विश्लेषण करते हुए शीर्षक जोड़कर लेख लिखा है। (4)

   लेख की उपर्युक्त विशेषताएँ एक हद तक विद्‌यमान हैं। (3)

   ऊपर की विशेषताएँ आंशिक रूप से हैं। (2)

   लेख तैयार करने का प्रयास किया है। (1)

# गतिविधि - 3

**अधिगम उपलब्धि :**

- **कविता पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है।**

**समय : 10 मिनट**

**सूचना : कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मैं पंछी नील गगन का, हूँ कैद पिंजड़े में।
न पंख फैला पाता, लोहे की जंजीरों में।
कैद करना पंछी को, है अजब रीत कैसी!
तुम क्या जानो सुख अभिलाषा, मुझपर क्या-क्या बीती
अपनी ज़िंदगी पर मैं हँसता कभी रोता हूँ
कभी कभी सोचता हूँ, मैं एक बदनसीब तोता हूँ।

**1. कवितांश के आधार पर सही मिलान करें। (4)**

| | |
|---|---|
| पंछी | अजब रीत |
| जंजीर | बदनसीब |
| तोता | नील गगन |
| कैद | लोहा |

**2. समान आशयवाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें। (1)**

कभी मैं अपने को एक अभागा तोता मानता हूँ।

**3. 'मैं हँसता कभी रोता हूँ' –पंक्ति में 'रोता हूँ' क्रिया रूप का सीधा संबंध किससे है? (1)**

**मूल्यांकन संकेत**

1. कविता का आशय समझकर सही मिलान किया है: (4)

| | | |
|---|---|---|
| पंछी | नील गगन | (1) |
| जंजीर | लोहा | (1) |
| तोता | बदनसीब | (1) |
| कैद | अजब रीत | (1) |

2. आशय समझकर सही पंक्ति का चयन किया है। (1)
3. कर्ता क्रिया अन्विति समझकर सही प्रयोग किया है। (1)

# भाग - दो

## नमूने का प्रश्न-पत्र

Set A

## प्रश्नपत्र की रूप रेखा (Blue print)

## हिंदी X

| क्र.सं | इकाई | प्रश्न का नमूना | | | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वस्तुनिष्ठ | | विवरणात्मक | | | |
| | | प्रश्नों की संख्या | स्कोर | प्रश्नों की संख्या | स्कोर | प्रश्नों की संख्या | स्कोर |
| 1 | 1 | 3 | 3 | 3 | 8 | 6 | 11 |
| 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 3 | 1 | 1 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 4 | 2 | 2 | 1 | 3 | 3 | 5 |
| 5 | 5 | 2 | 2 | 3 | 10 | 5 | 1 |

## प्रश्नों के नमूने (Weight to type of questions)
## हिंदी X

| क्र. सं | प्रश्नों के नमूने | स्कोर | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 9 | 22.5 |
| 2 | विवरणात्मक प्रश्न | 31 | 77.5 |

## इकाईयों के आधार पर अंक वितरण (Weight to Units)
## हिंदी X

| इकाई | स्कोर | स्कोर(%) |
|---|---|---|
| इकाई 1 | 11 | 27.5 |
| इकाई 2 | 5 | 12.5 |
| इकाई 3 | 7 | 17.5 |
| इकाई 4 | 5 | 12.5 |
| इकाई 5 | 12 | 30 |
| कुल | 40 | 100 |

# S.S.L.C EXAMINATION - 2016-2017

Third Language

**Hindi**

Std. X | Total Score : 40 | Time : 90 Minutes

**सामान्य सूचना :**

प्रश्न पढ़ने तथा सोचने के लिए 15 मिनट का समय है। इस समय कुछ न लिखें।

उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझें।

स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

**सूचना : 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग-बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं सारे
खिलौने
क्या किसी भूकंप में ढह गई है
सारे मदरसों की इमारतें।

1. कवितांश के आधार पर सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। (1)

क) बच्चे पढ़ाई से वंचित है।

ख) बच्चों के लिए पर्याप्त स्कूल हैं।

ग) बच्चों को पढ़ाई की सुविधाएँ हैं।

घ) बच्चों को काम पर जाना पसंद है।

2. निम्नलिखित आशयवाली पंक्तियाँ कविताांश से चुनकर लिखें। (2)

"क्या यहाँ बच्चों को पढ़ने के लिए किताबें नहीं हैं?"

3) "बालश्रम को जड़ से मिटाना अनिवार्य है।" इस प्रस्ताव पर अपना विचार लिखें। (4)

**अथवा**

'बालश्रम को जड़ से मिटाना है' –विषय पर एक पोस्टर तैयार करें।

**सूचना : 'बीर बहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

वे एक-दूसरे के बहुत नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी भूरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे।

"बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन के जैसा लाल है।" साहिल ने कहा।

"तुमने कुछ सुना बेला?"

"हाँ, सुना। पहली घंटी लग गई है।"

"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

4. संशोधन करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (2)

**पहला** घंटी **बजेगा।**

5. साहिल और बेला बड़े दोस्त हैं। इसकी सूचना देनेवाला एक वाक्य इस अंश से चुनकर लिखें। (1)

6. इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा का एक दृश्य** लिखें। (4)

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा? दूर से लोग डाँट बताएँगे। साहू का कुआँ गाँव के उस सिरे पर है, परंतु वहाँ भी कौन पानी भरने देगा? कोई तीसरा कुआँ गाँव में है नहीं।

7. ठाकुर और साहू के कुओं से गंगी को पानी लेने नहीं देते हैं। कारण चुनकर लिखें। (1)

क) पानी कम है।

ख) पानी गंदा है।

ग) छुआछूत की प्रथा है।

8. इस अंश से कौन-सी सामाजिक समस्या व्यक्त होती है? इसपर अपनी राय लिखें। (2)

9. 'जाति-व्यवस्था समाज का अभिशाप है।' विषय पर **लघु लेख** लिखें। (4)

**अथवा**

'जाति-प्रथा एक अभिशाप है' –का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।

**सूचना : 'सबसे बड़ा शॉ मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।**

अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की। चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार...

10. सही वाक्य चुनकर लिखें। (1)

क) लोग तालियाँ बजाने लगीं।

ख) लोग तालियाँ बजाने लगे।

ग) लोग तालियाँ बजाने लगा।

11. मान लें, प्रस्तुत अनुभव चार्ली की माँ नेअपनी **डायरी** में लिखी है। उसने क्या-क्या लिखा होगा? कल्पना करके लिखें। (4)

**सूचना : 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सोनार किला एक मज़ेदार जगह है। किला होने के बावजूद इसके भीतर बड़ी संख्या में परिवार रहते हैं। इन परिवारों के लिए आनेवाले पर्यटक ही उनकी रोज़ी-रोटी हैं। किले के अंदर लाइन से दुकानें सजी हैं। इनमें सजावटी सामानों से लेकर खूबसूरत कपड़ों तक सब मिलता है। एक जगह तो इतनी रंग-बिरंगी जूतियाँ सजी थीं कि मुझे होली के रंग याद हो आए।

12. क्या देखकर लेखक को होली के रंग याद आते हैं? (1)

क) सोनार किला देखकर।

ख) खूबसूरत कपड़े देखकर।

ग) रंग-बिरंगी जूतियाँ देखकर।

13. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित क्रिया-रूप का सीधा संबंध किस शब्द से हैं? (1)

'बड़ी संख्या में परिवार **रहते हैं**।'

14. **संबंध पहचानें और मिलान करें।** **(3)**

| | |
|---|---|
| सोनार किला | दुनिया की छत। |
| तिब्बत | असली रेगिस्तान। |
| सम | जैसलमेर का एक मज़ेदार जगह। |

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 15 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**मैं चाहती हूँ**

मैं चाहती हूँ
खुला आसमान
जहाँ हो सब समान
पशु-पक्षी, लोग-बाग।
जहाँ न हो
ऊँच-नीच के भाव
शोषण, उत्पीड़न
घृणा, उपेक्षा।

-रूपाली

(उत्पीड़न - ഉപദ്രവം; घृणा - വെറുപ്പ്)

15. 'खुला आसमान' से तात्पर्य है– (1)

क) प्यार

ख) स्वतंत्रता

ग) परतंत्रता

16. 'मैं' के स्थान पर 'हम' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

**मैं** चाहती हूँ।

17. 'कवयित्री एक समतापूर्ण दुनिया चाहती है' –पंक्तियों के आधार पर समर्थन करें। (2)

**सूचना : अंजली दिल्ली के एक स्कूल में आठवीं में पढ़ती है। उसकी डायरी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें।**

आज मैं

बहुत खुश हूँ। मैं इसलिए खुश हूँ कि कल शाम को मैं एक पार्टी में जानेवाली हूँ। इस साल मैंने खूब मन लगाकर पढ़ाई की। मुझे अच्छे स्कोर मिले। इसीलिए मेरे टीचर कल मुझे एक पार्टी पर ले जानेवाले हैं। उन्होंने बताया कि कल हम एक रेस्टोरेंट में जाएँगे। मुझे तो अपने कानों पर विश्वास ही नहीं हुआ।

18. मान लें, अंजली अपनी खुशी दोस्त जोसफ़ से बाँटना चाहती है। जोसफ़ के नाम अंजली का **पत्र** लिखें। (4)

19. 'मुझे अच्छे स्कोर मिले।' –'**मुझे**' में निहित सर्वनाम कौन-सा है? (1)

(वे; मैं; वह)

## प्रश्न विश्लेषण (Question wise analysis) हिंदी X

| प्रश्न सं | इकाई | अधिगम उपलब्धियाँ | चिंतन क्षमताएँ | प्रश्न नमूना | स्कोर | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | कविता पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। | प्रयोग करना। | वस्तुनिष्ठ | 1 | 2 मिनिट |
| 2 | 5 | कविता पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। | तुलना करना। | विवरणात्मक | 2 | 4 मिनिट |
| 3 | 5 | विचार लिखता है। | विवरण देना। | विवरणात्मक | 4 | 8 मिनिट |
| 4 | 1 | भविष्यत काल की विशेषताएँ पहचानता है, चुनकर लिखता है। | तुलना करना। | विवरणात्मक | 2 | 4 मिनिट |
| 5 | 1 | कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। | तुलना करना। | वस्तुनिष्ठ | 1 | 2 मिनिट |
| 6 | 1 | पटकथा लिखता है। | तैयार करना। | विवरणात्मक | 4 | 10 मिनिट |
| 7 | 3 | कहानी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। | चयन करना। | वस्तुनिष्ठ | 1 | 2 मिनिट |
| 8 | 3 | किसी सामाजिक मुद्दे पर अपना राय प्रकट करता है। | तर्क निकालना। | विवरणात्मक | 2 | 5 मिनिट |
| 9 | 3 | लेख लिखता है। | विवरण देना। | विवरणात्मक | 4 | 10 मिनिट |
| 10 | 2 | जीवनी पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। | चयन करना। | वस्तुनिष्ठ | 1 | 2 मिनिट |
| 11 | 2 | डायरी लिखता है। | तैयार करना। | विवरणात्मक | 4 | 10 मिनिट |
| 12 | 4 | संस्मरण पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। | तुलना करना। | वस्तुनिष्ठ | 1 | 2 मिनिट |
| 13 | 4 | वर्तमानकालीन वाक्यों की विशेषता पहचानता है, चुनकर लिखता है। | चयन करना। | वस्तुनिष्ठ | 1 | 2 मिनिट |
| 14 | 4 | संस्मरण पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। | सहसंबंध साबित करना। | विवरणात्मक | 3 | 6 मिनिट |
| 15 | 1 | कविता पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। | चयन करना। | वस्तुनिष्ठ | 1 | 2 मिनिट |
| 16 | 1 | वर्तमानकालीन वाक्यों की विशेषता पहचानता है, चुनकर लिखता है। | प्रयोग करना। | वस्तुनिष्ठ | 1 | 2 मिनिट |
| 17 | 1 | कविता पढ़कर आशय प्रस्तुत करता है। | साबित करना। | विवरणात्मक | 2 | 5 मिनिट |
| 18 | 5 | पत्र लिखता है। | रूपायन करता है। | विवरणात्मक | 4 | 10 मिनिट |
| 19 | 5 | प्रत्ययुक्त सर्वनाम पहचानकर लिखता है। | सहसंबंध साबित करना। | वस्तुनिष्ठ | 1 | 2 मिनिट |

# मूल्याँकन सूचक (Scoring key)
# हिंदी X

| क्र.स | मूल्याँकन सूचक | स्कोर/सूचक | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | सही प्रस्ताव चुनकर लिखा है। (बच्चे पढ़ाई से वंचित है।) | 1 | 1 |
| 2 | आशय समझकर दो पंक्तियाँ चुनकर लिखी हैं।<br>आशय समझकर एक पंक्ति लिखी है।<br>(क्या दीमकों ने खा लिया है<br>सारी रंग-बिरंगी किताबों को।) | 2<br>1 | 2 |
| 3 | बालश्रम के कारणों और दोषों की चर्चा करते हुए बालश्रम को मिटाने की अनिवार्यता व्यक्त करके अपना विचार लिखा है।<br>बालश्रम को मिटाने की अनिवार्यता व्यक्त करके अपना विचार लिखा है।<br>बालश्रम पर अपना विचार लिखा है।<br>विचार लिखने का प्रयास किया है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 4 | विशेषण और क्रिया का संशोधन करके लिखा है।<br>किसी एक का संशोधन करके लिखा है। | 2<br>1 | 2 |
| 5 | सही वाक्य चुनकर लिखा है।<br>(वे एक-दूसरे के नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिल्कुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे।) | 1 | 1 |
| 6 | अंश के आधार पर समग्र रूप से स्थान, समय, परिवेश, पात्रों की आयु, चाल-चलन, हाव-भाव आदि को और उचित संवादों को जोड़कर पटकथा लिखी है।<br>अंश के आधार पर स्थान, समय, परिवेश, पात्रों की आयु, चाल-चलन, हाव-भाव आदि मुद्दों को आँशिक रूप से जोड़कर उचित संवादों के साथ पटकथा लिखी है।<br>आँशिक रूप से पटकथा लिखी है।<br>पटकथा लिखने की कोशिश की है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 7 | सही उत्तर चुनकर लिखा है। (छुआ-छूत की प्रथा है।) | 1 | 1 |
| 8 | जाति-प्रथा, छुआ-छूत आदि सामाजिक कुरीतियों पर अपनी राय लिखी है।<br>अपनी राय लिखने का प्रयास किया है। | 2<br>1 | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | वर्तमान सामाजिक स्थिति के विश्लेषण करते हुए 'जाति-व्यवस्था समाज का अभिशाप है' विषय पर लेख लिखा है और उचित शीर्षक दिया है। | 4 | |
| | 'जाति-व्यवस्था समाज का अभिशाप है' विषय पर लेख लिखा है और उचित शीर्षक दिया है। | 3 | |
| | 'जाति-व्यवस्था समाज का अभिशाप है' विषय पर लेख लिखा है। | 2 | |
| | लेख लिखने का प्रयास किया है। | 1 | |
| | **अथवा** | | |
| | **'जाति-प्रथा एक अभिशाप है'** विषय पर उचित संदेश वाक्य जोड़कर आकर्षक रूप-विधान के साथ पोस्टर तैयार किया है। | 4 | |
| | **'जाति-प्रथा एक अभिशाप है'** विषय पर उचित संदेश वाक्य जोड़कर पोस्टर तैयार किया है। | 3 | |
| | **'जाति-प्रथा एक अभिशाप है'** विषय पर पोस्टर तैयार किया है। | 2 | |
| | पोस्टर बनाने का प्रयास किया है। | 1 | |
| 10 | सही उत्तर लिखा है। (लोग तालियाँ बजाने लगे।) | 1 | 1 |
| 11 | प्रसंग के आधार पर विचारों को जोड़कर आकर्षक रूप से डायरी लिखी है। | 4 | |
| | प्रसंर्ग के आधार पर विचारों को जोड़कर डायरी लिखी है। | 3 | |
| | प्रसंग के आधार पर डायरी लिखी है। | 2 | |
| | डायरी लिखने की कोशिश की है। | 1 | 4 |
| 12 | सही उत्तर लिखा है। (रंग-बिरंगी जूतियाँ देखकर) | 1 | 1 |
| 13 | सही उत्तर लिखा है। (परिवार) | 1 | 1 |
| 14 | तीनों का सही मिलान किया है। | 3 | |
| | दो मिलान सही है। | 2 | |
| | एक मिलान सही किया है। | 1 | 3 |
| 15 | सही उत्तर चुनकर लिखा है। (स्वतंत्रता) | 1 | 1 |
| 16 | 'मैं' के स्थान पर 'हम' का प्रयोग करके वाक्य सही लिखा है। (हम चाहती हैं।) | 1 | 1 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 | कविता के आधार पर प्रस्ताव का समर्थन किया है।<br>प्रस्ताव का समर्थन करने की कोशिश की है। | 2<br>1 | 2 |
| 18 | खुशी बाँटते हुए, उचित भाषा में पत्र की रूपरेखा का पालन करते हुए मित्र जोसफ के नाम पत्र लिखा है।<br>खुशी बाँटते हुए पत्र की रूपरेखा में मित्र जोसफ के नाम पर पत्र लिखा है।<br>खुशी बाँटते हुए पत्र लिखा है।<br>पत्र लिखने का प्रयास किया है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 19 | सही सर्वनाम लिखा है। (मैं) | 1 | 1 |

# FIRST TERMINAL EVALUATION 2016-2017

Third Language

**Hindi**

**Std. X** Total score : 40 Time : 90 minutes

**सामान्य सूचना :**

- प्रश्न पत्र वाचन और चिंतन के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

**सूचना : कविता पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

***अनमोल धरोहर***

*बेटियाँ अनमोल धरोहर,*
*ना उसे बिखरने दो,*
*उन्हें भी पनपने दो,*
*उन्हें जनमने दो।*

*तोड़ दो पुरानी बंदिशें,*
*नई सोच अपनाओ,*
*जीने का हक उसे भी दो,*
*शिक्षा का महत्व समझाओ।*

*– अनीता सिंह*

(अनमोल - വിലമതിക്കാനാവാത്ത, धरोहर - പൈതൃക സ്വത്ത്, बंदिश - നിയന്ത്രണം, हक - അവകാശം, बिखरना - ചിതറുക, पनपना- വളരുക)

1. कवयित्री किसे तोड़ने को कहती है? (1)

2. इस आशय की सूचना देने वाली पंक्तियाँ चुन कर लिखें। (2)
*बेटियों को पैदा होने और बड़ा होने का अवसर दें।*

3. कविता पर टिप्पणी लिखें और टिप्पणी के लिए शीर्षक दें। (4)

**अथवा**

लड़कियों के अधिकारों को सूचित करने वाला पोस्टर तैयार करें।

**सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

साहिल और बेला एक दूसरे के नज़दीक रहकर, बल्कि कहना चाहिए बिलकुल सटकर बीरबहूटियाँ खोजते थे। उन्हें देखने के लिए वे बारिश की गंध भरी ज़मीन पर बैठ जाया करते थे।

"बेला, देखो इस बीरबहूटी का रंग तुम्हारे रिबन जैसा लाल है।"

"तुमने कुछ सुना बेला?"

"हाँ सुना। पहली घंटी लग गई है।"

"लेकिन मुझे पैन में स्याही भी भरवानी है, दुकान से।"

4. कहानी के पात्र कौन-कौन हैं? (1)

5. साहिल और बेला बीरबहूटियों को कब और कहाँ ढूँढ़ते हैं? (2)

6. कहानी के प्रस्तुत अंश के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। (4)

**सूचनाः कवितांश पढ़कर 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले।

7. यहाँ टूटा पहिया किसका प्रतीक हो सकता है? (1)
(महामानव; विश्वमानव; लघुमानव)

8. "सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले"-इससे आप क्या समझते हैं? (2)

9. इन पंक्तियों की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें। (3)

**सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

रेलगाड़ी के रुकते ही हमने ड्राईवर को सारा मामला समझा दिया। उसे एक चौथाई मील पीछे लौटना होगा और वहाँ से रेलगाड़ी फिर हमारी तरफ़ आएगी। हम समय के अंदाज़ से सवारी सहित ऊँटों के दल को रवाना कर देंगे।

10. सत्यजीत राय शूटिंग के संबंध में ड्राईवर को समझा रहे हैं। इस प्रसंग पर दोनों के बीच का संभावित **वार्तालाप** लिखें। (4)

11. हम ऊँटों के दल को रवाना **कर देंगे**। यहाँ **'कर देंगे'** रूप का सीधा संबंध वाक्य के किस शब्द से है? (1)
(दल; ऊँट; हम)

12. **रेलगाड़ी** के बदले **ऊँटों का काफिला** का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। (1)

रेलगाड़ी फिर हमारी तरफ आएगी।

**सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस कर रही थी।

13. इसमें **वह** शब्द किसके बदले प्रयुक्त है? (1)

(साहिल; माटसाब; बेला)

14. माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। बेला ऐसा क्यों सोचती है। (2)

15. प्रस्तुत घटना के बाद बेला साहिल से नज़र नहीं मिला पाई। मान लें, बेला अपने विचारों को डायरी में लिखती है। बेला की संभावित **डायरी** लिखें। (4)

**अथवा**

कक्षा के इस अनुभव पर अगले दिन बेला और साहिल के बीच बातें होती हैं। दोनों के बीच की **बातचीत** कल्पना करके लिखें।

**सूचना : यह पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा, निराशा, असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।

किसी को दुबारा अवसर दे

**13 अगस्त**

**अवयवदान दिवस**

***'उपहार जीवन का'***

**अवयवदाता बनें, जिंदगी दें।**

एक आदमी दस लोगों को जीवन दे सकता है

16. किसीको जानने के लिए क्या करना चाहिए? (1)

17. अवयवदान के महत्व पर एक टिप्पणी लिखें। (3)

18. संबंध पहचानें और सही मिलान करें। (3)

| | |
|---|---|
| इतिहासों की सामूहिक गति झूठी पड़ जाना। | तोपसे ने देखा कि दूर से एक रेलगाड़ी आ रही है। |
| जानने की उस जानी-पहचानी रीति को तोड़ देते हैं। | सचाई टूटे पहियों का आश्रय लेना। |
| जटायू का सपना रेगिस्तान में ऊँट की सवारी करने का है। | मनुष्य को मनुष्य की तरह जानने की याद दिलाती है। |

Set A

# मूल्याँकन सूचक (Scoring key)
# हिंदी X

| क्र.स स्कोर | मूल्याँकन सूचक | स्कोर/सूचक | कुल |
|---|---|---|---|
| 1 | आशय ग्रहण करके उत्तर लिखा है। (पुरानी बंदिशों) | 1 | 1 |
| 2 | आशय समझकर दो पंक्तियाँ चुनकर लिखी है।<br>आशय समझकर एक पंक्ति लिखी है।<br>(उन्हें भी पनपने दो, उन्हें जनमने दो।) | 2<br>1 | 2 |
| 3 | कवि और कविता का नाम उल्लेख करके, समग्र रूप से कविता का आशय, कविता का शिल्प, कविता की प्रासंगिकता आदि पर टिप्पणी लिखी है और उचित शीर्षक दिया है।<br>कवि और कविता का नाम उल्लेख करके, समग्र रूप से कविता का आशय को लेकर कविता पर टिप्पणी लिखी है और उचित शीर्षक दिया है।<br>कवि और कविता का नाम उल्लेख करके, कविता का आशय को लेकर पर टिप्पणी लिखी है ।<br>कविता पर लिखने की कोशिश की है। | 4<br>3<br>2<br>1 | |
| | **अथवा**<br>लड़कियों के अधिकारों पर संक्षिप्त एवं उचित संदेश वाक्यों को जोड़कर, आकर्षक ढंग से पोस्टर बनाया है।<br>लड़कियों के अधिकारों पर संदेश वाक्यों को जोड़कर, आकर्षक ढंग से पोस्टर बनाया है।<br>लड़कियों के अधिकारों पर संदेश वाक्यों को जोड़कर पोस्टर बनाने की कोशिश की है।<br>पोस्टर बनाने की कोशिश की है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 4 | पात्रों के नाम लिखा है। (बेला और साहिल) | 1 | 1 |
| 5 | आशय ग्रहण करके उत्तर पूर्ण रूप से लिखा है।<br>आँशिक रूप से उत्तर लिखा है। | 2<br>1 | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | अंश के आधार पर समग्र रूप से स्थान, समय, परिवेश, पात्रों की आयु, चाल-चलन, हाव-भाव आदि को और उचित संवादों को जोड़कर पटकथा लिखी है।<br>अंश के आधार पर स्थान, समय, परिवेश, पात्रों की आयु, चाल-चलन, हाव-भाव आदि मुद्दों को आँशिक रूप से जोड़कर उचित संवादों के साथ पटकथा लिखी है।<br>आँशिक रूप से पटकथा लिखी है।<br>पटकथा लिखने की कोशिश की है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 7 | सही उत्तर चुनकर लिखा है। (लघु मानव) | 1 | 1 |
| 8 | आशय ग्रहण करके वर्तमान संदर्भ पर कवितांश के विश्लेषण करते हुए टिप्पणी लिखी है।<br>लिखने की कोशश की है। | 2<br>1 | 2 |
| 9 | कवितांश का विश्लेषण करके वर्तमान संदर्भ पर इसकी प्रासंगिकता की चर्चा करते हुए टिप्पणी लिखी है।<br>कवितांश का विश्लेषण करके टिप्पणी लिखी है।<br>टिप्पणी लिखने की कोशिश की है। | 3<br>2<br>1 | 3 |
| 10 | रेलगाड़ी की आवश्यकता के बारे में प्रसंगानुकूल और स्वाभाविक भाषा में वार्तालाप लिखा है।<br>रेलगाड़ी की आवश्यकता के बारे में प्रसंगानुकूल वार्तालाप तैयार किया है।<br>प्रसंगानुकूल वार्तालाप तैयार किया है।<br>वार्तालाप लिखने की कोशिश की है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 11 | उचित उत्तर लिखा है। (हम) | 1 | 1 |
| 12 | उचित उत्तर लिखा है। (ऊँटों का काफिला हमारी तरफ आएगा।) | 1 | 1 |
| 13 | उचित उत्तर चुनकर लिखा है। (बेला) | 1 | 1 |
| 14 | प्रसंग का विश्लेषण करके उत्तर लिखा है।<br>उत्तर लिखने की कोशिश की है। | 2<br>1 | 2 |
| 15 | प्रसंग के आधार पर अपने विचारों को जोड़कर आकर्षक रूप से डायरी लिखा है।<br>प्रसंग के आधार पर अपने विचारों को जोड़कर आकर्षक रूप से | 4 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | डायरी लिखा है। | 3 | |
| | प्रसंग के आधार पर डायरी लिखा है। | 2 | |
| | डायरी लिखने की कोशिश की है। | 1 | |
| | **अथवा**<br>प्रसंग के अनुसार बेला को सांत्वना देते हुए उचित शैली में वार्तालाप लिखा है। | 4 | |
| | प्रसंग के अनुसार बेला को सांत्वना देते हुए वार्तालाप तैयार किया है। | 3 | |
| | प्रसंर्ग के अनुसार वार्तालाप तैयार किया है। | 2 | |
| | वार्तालाप लिखने की कोशिश की है। | 1 | 4 |
| 16 | आशय ग्रहण करके सही उत्तर लिखा है। | 1 | 1 |
| 17 | 'अवयवदान के महत्व' विषय पर वस्तुनिष्ठ रूप में, दत्तों को जोड़कर टिप्पणि लिखी है। | 3 | |
| | प्रस्तुत विषय पर आंशिक रूप से टिप्पणी लिखी है। | 2 | |
| | टिप्पणी लिखने की कोशिश की है। | 1 | 3 |
| 18 | तीनों का सही मिलान किया है। | 3 | |
| | दो मिलान सही है। | 2 | |
| | एक मिलान सही किया है। | 1 | 3 |

# SECOND TERM-END EVALUATION 2016-2017
## Third Language
## Hindi

**Std. X** **Score : 40**
**Time : 90 minutes**

**सामान्य सूचना :**

- प्रश्न पत्र वाचन और चिंतन के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इसके बाद ही लिखना शुरू करें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

**सूचना : 'अकाल और उसके बाद' कविता का यह अंश पढ़ें और 1 से 4 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त

1. यह आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। (1)
'घर में खाना पकाए कई दिन हुए।'
2. यहाँ घर की किस हालत की सूचना मिलती है? (1)
3. छिपकलियाँ गश्त लगा रही हैं। –क्यों? (2)
4. अकाल का असर सभी जीव-जंतुओं पर पड़ता है। कवितांश के आधार पर लेख लिखें। (4)

**सूचना : 'बसंत मेरे गाँव का' लेख का यह अंश पढ़ें और 5 से 7 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सूरज पंचाचूली से खिसककर जब नंदा पर्वत तक पहुँचता है तो पहाड़ों में फ्योंली के पीले फूल खिलने लगते हैं। पहाड़ी ढलानों पर खूबसूरती से कटे सीढ़ीनुमा खेतों में गेहूँ की हरियाली के बीच सरसों की पीलाई पसर जाती है। बसंत बौराने लगता है। बसंत फूलदेई का त्योहार लेकर आता है।

5. 'बसंत बौराने लगता है।' –इस वाक्य का मतलब क्या है? (2)

6. संबंध पहचानकर सही मिलान करें। (3)

| | |
|---|---|
| नंदा | खेत |
| पीले | पर्वत |
| सीढ़ीनुमा | फूल |

7. फूलदेई के अवसर पर उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। फूलदेई त्यौहार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से संबंधित पोस्टर तैयार करें। (4)

**सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और 8 से 10 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

'हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा। बैठ चुपके से। ब्राह्मण-देवता आशीर्वाद देंगे, ठाकुर लाठी मारेंगे, साहूजी एक के पाँच लेंगे, गरीबों का दर्द कौन समझता है! हम तो मर भी जाते हैं, तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता, कंधा देना तो बड़ी बात है। ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे?'

8. यह किसका कथन है? (1)
(ठाकुर का, गंगी का, जोखू का )
9. गरीबों का दर्द कौन समझता है। (1)
'दर्द' के बदले 'पीड़ा' शब्द का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।
10. 'हाथ-पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा।'
यहाँ कौन-सी सामाजिक समस्या पर इशारा है? इस पर एक लेख तैयार करें। (4)

**सूचना : कविता पढ़ें और 11 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**वसंत**

है महका हुआ गुलाब
खिला हुआ कमल है।
ठंडी शीतल बहती हवा
मौसम बदल गया है।
हर डाल पर फूल खिले हैं,
हर कली गई मचल है।
प्रकृति भी हर्षित हुई
जब आया वसंत है।

11. कवितांश के आधार पर लिखें कि प्रकृति कब हर्षित होती है? (1)
12. 'हर कहीं ठंडी हवा बहती है, यह मौसम के बदलने का सबूत है।'
-यह आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें। (2)
13. कविता पर टिप्पणी लिखें। (3)

**सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और 14 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

चार्ली ने गाना रोक दिया और घोषणा की कि पहले मैं ये पैसे बटोरूँगा और उसके बाद ही गाऊँगा। इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया।

14. कौन-सी वाक्य संरचना सही है? (1)

- हम ये पैसे बटोरूँगा।
- हम ये पैसे बटोरेगा।
- हम ये पैसे बटोरेंगे।

15. चार्ली ने बीच में गाना क्यों रोक दिया? (2)

16. 'दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था' इस घटना पर एक रपट तैयार करें। (4)

**सूचना : 'जैसलमेर' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और 17 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

ये लोग किले के अंदर ही एक रेस्तराँ चलाते हैं जिसका नाम है- फ्री तिब्बत रूफ टॉप रेस्टोरेंट। अब कहाँ तिब्बत की बर्फ और कहाँ जैसलमेर की तेज़ गर्मी... लेकिन काम की तलाश क्या-क्या नहीं करवाती। और फिर पेट भर खाना, सर ढँकने को छत मिल जाए तो परदेस भी घर हो जाता है।

17. **'जिसका'** -में निहित सर्वनाम चुनकर लिखें। (1)

(यह, जो, वह)

18. 'और फिर पेट भर खाना, सर ढँकने को छत मिल जाए तो परदेस भी घर हो जाता है।'

वर्तमान सामाजिक संदर्भ के आधार पर इस की व्याख्या करें। (3)

# मूल्यांकन सूचक (Scoring indicators)
## हिंदी

| क्र.स | मूल्यांकन सूचक | स्कोर/सूचक | कुल स्कोर |
|---|---|---|---|
| 1 | कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास | 1 | 1 |
| 2 | कविता के प्रयोगों का विश्लेषण करके घर की गरीबी की सूचना देते हुए उत्तर लिखा है। | 3 | |
| | गरीबी की सूचना देते हुए उत्तर लिखा है। | 2 | |
| | उत्तर लिखने की कोशिश की है। | 1 | 3 |
| 3 | कविता का विश्लेषण करते हुए उचित भाषा में लेख लिखा है। | 4 | |
| | उत्तर में विश्लेषण और भाषा आंशिक रूप से सही है। | 3 | 4 |
| | उत्तर में सुधार की काफी आवश्यकता है। | 2 | |
| | सिर्फ लेख लिखने का प्रयास किया है। | 1 | |
| 4 | पाठभाग के आधार पर वसंत के आने का वर्णन किया है। | 2 | |
| | आंशिक रूप से लिखा है। | 1 | 2 |
| 5 | तीनों शब्दों का सही मिलान किया है। | 3 | |
| | दो शब्दों का मिलान सही किया है। | 2 | |
| | एक मिलान सही किया है। | 1 | 3 |
| 6 | फूलदेई त्यौहार की सूचना देते हुए, उचित रूप-संविधान के साथ आकर्षक रूप से पोस्टर तैयार किया है। | 4 | |
| | उपर्युक्त मुद्दों में से किसी एक को छोड़कर पोस्टर तैयार किया है। | 3 | |
| | आंशिक रूप से मुद्दों का पालन करके पोस्टर तैयार किया है। | 2 | |
| | पोस्टर तैयार करने का प्रयास किया है। | 1 | 4 |
| 7 | जोखू | 1 | 1 |
| 8 | गरीबों की पीड़ा कौन समझता है। | 1 | 1 |
| 9 | शीर्षक, भूमिका, विषय-विश्लेषण और उपसंहार के साथ जाति-प्रथा विषय पर लेख लिखा है। | 4 | |
| | लेख के उपर्युक्त सूचक उपज में आंशिक रूप से हैं। | 3 | |
| | उपज में दो-एक सूचक हैं। | 2 | |
| | लघु-लेख लिखने का प्रयास किया है। | 1 | |
| 10 | बसंत के आने पर | 1 | 1 |
| 11 | ठंडी शीतल बहती हवा मौसम बदल गया है। | 1 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | कविता का परिचय देते हुए, उचित शीर्षक के साथ, उचित भाषा में पंक्तियों का विश्लेषण करके टिप्पणी लिखी है।<br>उपज में टिप्पणी के उपर्युक्त सूचक आंशिक रूप से हैं।<br>उपज में टिप्पणी के दो-एक सूचक हैं।<br>टिप्पणी लिखने का प्रयास किया है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 13 | गाना | 1 | 1 |
| 14 | आशय समझकर उत्तर लिखा है।<br>उत्तर लिखने का प्रयास किया है। | 2<br>1 | 2 |
| 15 | प्रस्तुत शीर्षक के अनुकूल रपट की शैली में वस्तुनिष्ठ रूप से अपना दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए रपट तैयार किया है।<br>उपर्युक्त सूचकों का आंशिक पालन करते हुए रपट लिखा है।<br>उपज में दो-एक सूचक है।<br>रपट तैयार करने की कोशिश की है। | 4<br>3<br>2<br>1 | 4 |
| 16 | जो | 1 | 1 |
| 17 | आशय समझकर प्रस्तुत वाक्य की व्याख्या वर्तमान संदर्भ में की है।<br>आंशिक रूप से व्याख्या करके लिखा है।<br>व्याख्या करने का प्रयास किया है। | 3<br>2<br>1 | 3 |